सेन्ट मोन्टफोर्ट विद्यालय

नवम अन्तर्विद्यालयीन वाद –विवाद प्रतियोगिता

5 अगस्त 2017 भोपाल । नवम मोन्टफोर्ट कप **अन्तर्विद्यालयीन वाद –विवाद प्रतियोगिता** सेन्टमोन्टफोर्ट विद्यालय में 5 अगस्त को विद्यालय के तत्वाधान में सम्पन्न हुई । प्रतियोगिता का आरंभ मुख्य–अतिथि श्रीमति पद्मावती स्वामी खनूजा (सदस्या, चाटर्ड अकाउटेंट फेडरेशन),मेजर श्रीमति सगारिका राव (भूतपूर्व सेना अधिकारी),सिस्टर निकिता ,श्रीमती ज्योति नायर द्वारा दीप प्रज्लवलन कर प्रार्थना–गीत से हुआ । वाद–विवाद प्रतियोगिता का विषय था – **जी. एस. टी देश के हित में है।**

प्रतियोगिता में कुल 22 विद्यालय और 44 प्रतिभागी ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का निर्णय प्रतियोगिता के निर्णायक श्रीमति पद्मावती स्वामी खनूजा व मेजर श्रीमति सगारिका राव ने विषयवस्तु, आत्मविश्वास, भाषा – अभिव्यक्ति भावानुकूल तथा विषय अनुकूल अभिव्यक्ति, तार्किक क्षमता तथा निर्णायक पैनल के प्रश्नों के आधार पर उत्तम स्पीकर, पक्ष विपक्ष व सर्वोत्कृष्ट विद्यालय के लिए दिया गया ।

प्रतियोगिता का परिणाम निम्नानुसार रहा –

उत्तम स्पीकर पक्ष –

1.अनन्या बी. जोसफ
सरवाइट कॉन्वेंट सीनियर सेकण्डरी स्कूल, होशंगाबाद।

2. अभिज्ञान दुबे
सागर पब्लिक स्कूल साकेत नगर

उत्तम स्पीकर विपक्ष –

1.स्नेहा अन्ना मैथ्यू
सरवाइट कॉन्वेंट सीनियर सेकण्डरी स्कूल, होशंगाबाद।

2. कुशाग्र भाटिया,
सागर पब्लिक स्कूल साकेत नगर

तथा ओवर ऑल ट्राफी फॉर बेस्ट स्कूल –

सरवाइट कॉन्वेंट सीनियर सेकण्डरी स्कूल, होशंगाबाद।

अंत में ब्रदर टी एलेक्स विद्यालय प्राचार्य ने प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा की, तथा श्रीमति ज्योति नायर ने प्रतियोगिता के विजयी छात्रों को शुभकामनाएँ दी व सभी उम्मीद्वारों द्वारा दिए गए वक्तव्यों की सराहना की तथा सभी आगांतुक विद्यालय के प्रति धन्यवाद दिया। व प्रतियोगिता के निर्णायक व आयोजकों व तकनीकी कार्यक्रम में सहायक सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। व आने वाले मित्रता दिवस की शुभकामनाएँ दी । कार्यक्रम का समापन राष्ट्र–गान से हुआ ।